धारा–4(1)(b)(ii)

# अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां और कर्त्तव्य
# (Powers and Duties of Officers and Employees)

**1. महानिदेशक/निदेशकः–**

| शक्तियाँ | विवरण |
|---|---|
| **1. प्रशासकीय** | 1. विभागाध्यक्ष के अधिकार.<br>2. निम्नलिखित राजपत्रित/अराजपत्रित पदों के नियुक्ति प्राधिकारी।<br>➢ पुस्तकालयाध्यक्ष।<br>➢ वैयक्तिक अधिकारी (निदेशक)।<br>➢ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।<br>➢ प्रशासनिक अधिकारी।<br>3. अकादमी के बोर्ड आफ गवर्नर्स के सदस्य सचिव।<br>4. उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान, रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (यू.आई.आर.डी.) के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष।<br>5. राजस्व भूलेख एवं सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान (पटवारी प्रशिक्षण केन्द्र) अल्मोड़ा के महानिदेशक/निदेशक।<br>6. शासन के विभिन्न विभागों के समूह ख तथा ग के अधिकारियों व कर्मचारियों की विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था। |
| **2. वित्तीय** | 1. अकादमी लेखाशीर्षक के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के लिए बजट का नियंत्रण।<br>2. सामान्य भविष्य निर्वाह निधि (उत्तराखण्ड) नियमावली के अन्तर्गत अस्थायी अग्रिम तथा अन्तिम प्रत्याहरण स्वीकृत करना।<br>3. वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1 के अधीन समय–समय पर सरकार द्वारा वित्तीय अधिकारों से सम्बन्धित प्रतिनिधायनों के अनुरूप वित्तीय अधिकारों का उपयोग।<br>4. उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अधीन वित्तीय शक्तियों का उपयोग। |
| **3. तकनीकी/ अन्य** | 1. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर प्रदेश शासन को नीतिगत परामर्श।<br>2. प्रशिक्षण नीति के अन्तर्गत प्रदेश में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्देशन व अनुश्रवण। |

| | |
|---|---|
| | 3. भारत सरकार के अनुदान पर संचालित अखिल भारतीय सेवाओं के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्देशन।<br>4. राष्ट्रीय/प्रदेश प्रशिक्षण नीति के अन्तर्गत प्रदेश तथा प्रदेश से बाहर विभिन्न बैठकों/सेमीनार/कार्यशालाओं में प्रतिनिधित्व। |
| **4. कर्तव्य** | 1. अकादमी का निर्देशन एवं नियन्त्रण।<br>2. संस्थागत विकास के लिए दीर्घकालिक, तत्तकालिक योजनाएं एवं प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार/राज्य शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित करना।<br>3. अकादमी के निर्देशन में कार्यरत प्रशिक्षण संस्थानों/केन्द्रों का निर्देशन व नियंत्रण।<br>4. शासन के विभिन्न विभागों के लिए नव चयनित तथा सेवारत अधिकारियों के लिए आधारभूत, व्यवसायिक, सेवा प्रवेश, सेवाकालीन रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था कराना।<br>5. अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर के विशेषज्ञ प्रशिक्षण, शोध एवं परामर्श संस्थानों से समन्वय (नेटवर्किंग) स्थापित करना.<br>6. अकादमी की वार्षिक प्रशिक्षण, शोध एवं परामर्श गतिविधियों का निर्धारण एवं निर्देशन।<br>7. अकादमी के वार्षिक आय-व्यय प्रस्ताव का निर्धारण एवं नियन्त्रण।<br>8. प्रशिक्षण से संबंधित प्रस्तावों पर नीतिगत निर्णय लेना। |

| **2. अपर निदेशक** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ** | **विवरण** |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |
| **3. संयुक्त निदेशक (प्रशासन)** | |
| **शक्तियाँ** | **विवरण** |
| | 1. कार्यालयाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन एवं अकादमी में रु. 1,00,000.00 तक की सीमा के अन्तर्गत वित्तीय एवं दैनिक सामान्य प्रशासन सम्बन्धी अधिकार।<br>2. सचिव, सेन्टर फॉर गुड गवर्नेन्स (सी0जी0जी0) के कार्य/दायित्व तथा सी0जी0जी0 के अन्तर्गत रु. 1,00,000.00 तक की सीमा के अन्तर्गत वित्तीय एवं दैनिक सामान्य प्रशासन सम्बन्धी अधिकार। |

| | |
|---|---|
| | 3. सामान्य प्रशासन।<br>4. विभिन्न योजनाओं में लघु एवं वृहद निर्माण कार्यो का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण।<br>5. समूह 'ग' के कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि से सामान्य एवं विशेष परिस्थितियों में स्थाई/अस्थाई अग्रिमों की स्वीकृति प्रदान करना (जी.पी.एफ. नियमावली में उल्लिखित परिसीमाओं तक)।<br>6. समूह 'ग' के कार्मिकों को अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार।<br>7. अकादमी अधिष्ठान से सम्बन्धित पत्रावलियों को महानिदेशक महोदय के सम्मुख प्रस्तुत करना।<br>8. छात्रावास/परिसर सेवाओं का प्रबन्धन/दिशा निर्देश प्रदान करना।<br>9. सिविल सेवाओं के अधिकारियों तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण सत्र लेना।<br>10. भारत सरकार, शासन, लोक सेवा आयोग, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग, आयुक्त आदि के विभिन्न संदर्भो का अनुश्रवण एवं निस्तारण।<br>11. मुख्य सतर्कता अधिकारी।<br>12. मुख्यमंत्री हैल्पलाईन के अन्तर्गत मामलों के निस्तारण हेतु L3 अधिकारी।<br>13. विभागाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर सौंपे गये अन्य दायित्वों का निर्वहन करना। |

| **4. संयुक्त निदेशक (कम्प्यूटर)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | **विवरण** |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |

| **5. संयुक्त निदेशक (व्यवहार विज्ञान)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/ दायित्व** | 1. प्रभारी अधिकारी- प्रकाशन (न्यूजलैटर एवं वैचारिकी)।<br>2. प्रभारी अधिकारी- क्रीड़ा।<br>3. सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अन्तर्गत प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी।<br>4. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अधीन अकादमी स्तर पर नोडल अधिकारी के दायित्व एवं संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन।<br>5. सचिव, राज्य नगरीय विकास संस्थान, नैनीताल।<br>6. संस्थान के विकास हेतु दूरगामी व तात्कालिक योजनाओं का क्रियान्वयन।<br>7. अकादमी की प्रशिक्षण, शोध व परामर्श सेवाओं का गुणवत्ता नियंत्रण।<br>8. सामाजिक प्रशासनिक महत्व के विषयों पर क्षमता संवर्द्धन व अन्य प्रशिक्षण हेतु परियोनाओं का सृजन करना।<br>9. प्रशिक्षण माड्यूल तैयार करेंगे तथा सक्षम स्तर से स्वीकृत कराना।<br>10. ग्राम्य विकास एवं अन्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मॉड्यूल तैयार कर संबंधित विभागों/स्रोतो से फण्डिंग हेतु प्रेषित करना एवं उनका संचालन करना।<br>11. भारत सरकार, वाह्य प्रशिक्षण संस्थानों, अन्य राज्यों के संस्थानों तथा ख्याति प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान–प्रदान तथा मानव संसाधन के आदान–प्रदान के क्रियान्वयन हेतु प्रभारी।<br>12. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 6. संयुक्त निदेशक (लेखा) | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | **विवरण** |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |
| | |

| 7. उप निदेशक (वित्त) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/ दायित्व** | 1. प्रभारी अधिकारी- मैस आरक्षित निधि तथा मैस आरक्षित निधि के चैकों में हस्ताक्षर करने के प्राधिकार।<br>2. प्रभारी अधिकारी (सांस्कृतिक कार्यक्रम)।<br>3. प्रादेशिक सेवाओं के विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों हेतु सेवा प्रवेश पूर्व प्रशिक्षण (Induction Course) आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्धारण, नियोजन, संचालन में अकादमी को सहयोग।<br>4. वित्त एवं लेखा से संबंधित नियमों/उप नियमों पर प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को संयुक्त निदेशक (वित्त) के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदान करना।<br>5. मासिक व्यय विवरण (बी.एम.–8,बी.एम.–12 व बी.एम.–13) का प्रेषण।<br>6. अकादमी अभिलेखों का महालेखाकार की ऑडिट पार्टी द्वारा सम्पादित किये जाने वाले ऑडिट कार्य सम्पन्न करवाना।<br>7. अधिकारियों/कर्मचारियों के आयकर कटौती के त्रैमासिक विवरण पत्रों का समय से प्रेषण तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर फार्म–16 जारी किया जाना.<br>8. लेखा अनुभाग से प्रस्तुत बजट सम्बन्धी विविधि प्रकरणों/पत्रों को अगले उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत करना।<br>9. वित्त एवं वेतन निर्धारण से सम्बन्धित विषयों पर मन्तव्य प्रदान करना।<br>10. लेखा अनुभाग के स्तर पर रखे जा रहे भारत सरकार के अनुदान पर संचालित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्राप्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अद्यावधिक संकलन।<br>11. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 8. उप निदेशक (प्रशिक्षण)– इस पद के विरूद्ध उप निदेशक (कम्प्यूटर) के पद पर कार्यरत संविदा अधिकारी का वेतन आहरित किया जा रहा है तथा सम्बन्धित पदाधिकारी को कम्प्यूटर से सम्बन्धित निम्नलिखित दायित्व सौंपे गये हैं:– | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/ दायित्व** | 1. नोडल अधिकारी एवं समन्वयक– मिशन कर्मयोगी।<br>2. प्रभारी अधिकारी– स्टोर।<br>3. प्रभारी अधिकारी– सूचना एवं तकनीकी इकाई।<br>4. कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्धारण, नियोजन, आयोजन/ संचालन।<br>5. अकादमी में स्थापित कम्प्यूटर लैब/इण्टरनेट सुविधा इत्यादि के अद्यावधिक अनुश्रवण का कार्य तथा अकादमी की वेबसाईट का रख–रखाव व वैबसाईट को अद्यतन (Update) रखने का कार्य।<br>6. कम्प्यूटर प्रशिक्षण से सम्बन्धित HW/SW को अद्यावधिक व आधुनिक प्रणाली में संचालित करना।<br>7. राष्ट्रीय बैनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक का कार्य।<br>8. प्रशिक्षण में निरन्तर सुधार पर अग्रगामी दृष्टिकोण रखते हुए अपने सुझावों को महानिदेशक/निदेशक के साथ साझा करना व प्रशिक्षण हेतु Innovative योजनाओं को तैयार करवाना।<br>9. प्रभारी अधिकारी– ई–गवर्नेन्स, सी.जी.जी.।<br>10. अकादमी में स्थापित किये गये नेटवर्किंग कार्यो का संचालन का दायित्व तथा ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तकनीकी सहयोग।<br>11. सूचना तकनीकी विषयों, जिससे अकादमी तथा अकादमी में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अधिक से अधिक लाभ पहुॅच सके, के सम्बन्ध में अपने सुझाव निदेशक को प्रस्तुत करना।<br>12. COMMIT से सम्बन्धित कार्यो के क्रियान्वयन का दायित्व।<br>13. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 9. उप निदेशक (अर्थशास्त्र) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | **विवरण** |
| | 1. प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान)।<br>2. प्रभारी अधिकारी- विभागीय परीक्षा।<br>3. प्रभारी अधिकारी- पुस्तकालय।<br>4. प्रभारी अधिकारी- प्रशिक्षण समन्वय इकाई (टी0सी0यू0)।<br>5. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन लोक सूचना अधिकारी के कार्य/दायित्व।<br>6. पंचायतीराज से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मॉड्यूल तैयार कर संबंधित विभागों/स्रोतो से फण्डिंग हेतु प्रेषित करना एवं उनका संचालन करना।<br>7. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 10. उप निदेशक (राजस्व) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/ दायित्व** | 1. प्रभारी अधिकारी- परिसर/छात्रावास।<br>2. प्रभारी अधिकारी- मैस।<br>3. समूह 'घ' के कार्मिकों अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार।<br>4. समूह 'घ' के कार्मिकों को उनके सामान्य भविष्य निधि खाते से अग्रिम स्वीकृत करना।<br>5. मुख्यमंत्री हैल्पलाईन के अन्तर्गत मामलों के निस्तारण हेतु L2 अधिकारी।<br>6. उक्त अनुभागों से सम्बन्धित कार्यकलाप महानिदेशक/संयुक्त निदेशक(प्र0) के संज्ञान में लाना।<br>7. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 11. उप निदेशक (अभियांत्रिकी) | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | विवरण |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |
| **12. उप निदेशक:** | |
| शक्तियाँ/दायित्व | विवरण |
| | 1. प्रभारी अधिकारी–स्वागत कक्ष।<br>2. प्रभारी अधिकारी– वाहन।<br>3. प्रभारी अधिकारी–चर्चा कक्ष।<br>4. प्रभारी अधिकारी–दृश्य–श्रृव्य अनुभाग।<br>5. आहरण वितरण अधिकारी के दायित्व।<br>6. सिविल सेवाओं के अधिकारियों तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण सत्रों का नियोजन, आयोजन व क्रियान्वयन।<br>7. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| 13. सहायक निदेशक (वित्त): | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | विवरण |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |

| 14. सहायक निदेशक (व्यवहार विज्ञान) | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | विवरण |
| | 1. सह प्रभारी अधिकारी- विभागीय परीक्षा।<br>2. सह प्रभारी अधिकारी- पुस्तकालय एवं प्रकाशन।<br>3. राष्ट्रीय/प्रदेश प्रशिक्षण नीति विषयक प्रस्तावों/क्रियाकलापों से संबंधित कार्य।<br>4. लोक प्रशासन, सामान्य प्रशासन, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण, शोध व परामर्श से सम्बन्धित विषयों /गतिविधियों का निर्धारण, नियोजन, निर्देशन व क्रियान्वयन प्रशिक्षण/ क्षमता संवर्द्धन से सम्बन्धित व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन।<br>5. प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण सत्रों का नियोजन, आयोजन व क्रियान्वयन।<br>6. प्रशिक्षण माड्यूल तैयार करेंगे तथा सक्षम स्तर से स्वीकृत कराना।<br>7. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे गये शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अन्य दायित्व। |

| **15. सहायक निदेशक (प्रशासन)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | **विवरण** |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |
| **16. विशेष कार्याधिकारी (शोध)** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | **विवरण** |
| | वर्तमान में पद रिक्त है तथा प्रशिक्षण/शासकीय हित में तैनाती के समय आवश्यकतानुसार दायित्व प्रतिनिहित किये जाते हैं। |

| प्रशासनिक विंग | |
|---|---|
| अधिष्ठान अनुभाग | |
| 16. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी | |
| शक्तियाँ/दायित्व | विवरण |
| | 1. अकादमी कार्यालय के सुपरविजन का कार्य।<br>2. अकादमी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो का पर्यवेक्षक व अधीनस्थों को शासकीय कार्यो के निस्तारण के संबंध में निर्देशित कराना।<br>3. अकादमी में प्राप्त होने वाली दैनिक डाक यथा–प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उत्तराखण्ड शासन व विभिन्न विभागों तथा विभिन्न अधिकारियों/व्यक्तियों से प्राप्त पत्रों को संबंधित अधिकारियों/ अनुभागों को चिन्हित कर निदेशक/अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक (प्रशासन) को प्रस्तुत करना।<br>4. कार्यालय के समस्त अनुभागों का पर्यवेक्षण तथा समस्त पत्रावलियों में प्रस्तुत विभिन्न प्रकरणों से संबंधित प्रस्ताव अधीनस्थों से तैयार करवाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषण।<br>5. भारत सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता/अनुदान के प्राप्त चैकों का विवरण/पंजिका का रख–रखाव का सुपरविजन।<br>6. समस्त अराजपत्रित कर्मचारियों की चरित्र पंजिका का रख–रखाव।<br>7. अकादमी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के कार्यकलापों के संबंध में कार्यालय सहायकों को सहयोग तथा कर्मचारियों की अवकाश अवधि के लिए वैकल्पिक व्यवस्था।<br>8. समय–समय पर आवश्यकतानुसार पत्रों/सूचनाओं इत्यादि को कम्प्यूटर के माध्यम से उपलब्ध करवाना।<br>9. उपस्थिति पंजिका का रख–रखाव व निरीक्षण।<br>10. निदेशक/अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक(प्रशासन)/सहायक निदेशक के निर्देशानुसार कार्यो का सम्पादन। |

| **17. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | **विवरण** |
| | 11. अकादमी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो का पर्यवेक्षक व अधीनस्थों को शासकीय कार्यो के निस्तारण के संबंध में निर्देशित कराना।<br>12. अकादमी में प्राप्त होने वाली दैनिक डाक यथा–प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उत्तराखण्ड शासन व विभिन्न विभागों तथा विभिन्न अधिकारियों/व्यक्तियों से प्राप्त पत्रों को संबंधित अधिकारियों/ अनुभागों को चिन्हित कर निदेशक/अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक (प्रशासन) को प्रस्तुत करना।<br>13. कार्यालय के समस्त अनुभागों का पर्यवेक्षण तथा समस्त पत्रावलियों में प्रस्तुत विभिन्न प्रकरणों से संबंधित प्रस्ताव तथा अनेक विषयों से संबंधित पत्रावलियों का उच्चधिकारियों को प्रेषण।<br>14. भारत सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता/अनुदान के प्राप्त चैकों का विवरण/पंजिका का रख–रखाव।<br>15. समस्त अराजपत्रित कर्मचारियों की चरित्र पंजिका का रख–रखाव।<br>16. अकादमी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के कार्यकलापों के संबंध में कार्यालय सहायकों को सहयोग तथा कर्मचारियों की अवकाश अवधि के लिए वैकल्पिक व्यवस्था।<br>17. समय–समय पर आवश्यकतानुसार पत्रों/सूचनाओं इत्यादि को कम्प्यूटर के माध्यम से उपलब्ध करवाना।<br>18. उपस्थिति पंजिका का रख–रखाव व निरीक्षण।<br>19. निदेशक/अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक(प्रशासन)/सहायक निदेशक के निर्देशानुसार कार्यो का सम्पादन। |
| **18. प्रशासनिक अधिकारी** | |
| | **विवरण** |

सूचना अधिकार अधिनियम 2005: डा. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल का सूचना मैनुवल

धारा–4(1)(b)(ii)

| | |
|---|---|
| **शक्तियॉं/दायित्व** | 1. नियुक्ति संबंधी पत्रावलियों का रख-रखाव तथा उन पर कार्यवाही।<br>1. अधिष्ठान संबंधी समय-समय पर शासन को भेजे जाने वाले मासिक/त्रैमासिक/छ:माही सामयिक विवरण पत्रों की पत्रावलियों का रख-रखाव तथा उन पर शासन को सूचना का प्रेषण।<br>2. समस्त संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का रख-रखाव तथा उन पर कार्यवाही।<br>3. समस्त संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों की वैयक्तिक पत्रावलियों का रख-रखाव तथा उन पर कार्यवाही।<br>4. व्यक्तिगत पत्रावलियों में सेवानिवृत्ति के मामलों को प्रस्तुत कर सेवानिवृत्ति के प्रपत्र तैयार करना।<br>5. दण्ड एवं प्रत्यावेदन से संबंधित पत्रावलियों का रख-रखाव एवं तत्संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु उन पर कार्यवाही.<br>6. विधान सभा/राज्य सभा प्रश्नोत्तर-तत्संबंधी पत्राचार।<br>7. अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आवेदित विभिन्न प्रकार के अग्रिमों की पत्रावलियों तथा रजिस्टरों का रख-रखाव एवं चाहे गये अग्रिम की मांग शासन से प्राप्त कर उन पर भुगतान कार्यवाही सुनिश्चित करना।<br>8. संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन निर्धारण संबंधी प्रकरणों का निस्तारण हेतु स्वीकृति प्राप्त कर आदेश जारी करना।<br>9. अकादमी में विद्यमान राजपत्रित/अराजपत्रित पदों के स्थायीकरण प्रस्ताव प्रस्तुत करना एवं स्वीकृति प्राप्त कर आदेश जारी करना।<br>10. भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही करने तथा विभागीय सर्तकता को सुदृढ़ करने के संबंध में तत्संबंधी सूचना का शासन को प्रेषण।<br>11. अकादमी में विद्यमान अस्थायी पदों की निरन्तरता की स्वीकृति शासन से प्राप्त करना। |

| 19. अधिष्ठान सहायक-। | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 2. अधिष्ठान संबंधी समस्त पत्र व्यवहार के टंकण का कार्य।<br>3. अधिष्ठान संबंधी समय-समय पर शासन को भेजे जाने वाले मासिक/त्रैमासिक/छ:माही सामयिक विवरण पत्रों की पत्रावलियों का रख-रखाव तथा उन पर शासन को सूचना का प्रेषण।<br>4. संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों के जी.पी.एफ. से संबंधित प्रकरण का निस्तारण।<br>5. संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों के विभिन्न प्रकार के अवकाश प्रकरणों का निस्तारण एवं उनकी प्रविष्टि संबंधित सेवा पुस्तिकाओं में दर्ज करना।<br>6. अधिकारियों/कर्मचारियों के नकदीकरण अवकाश संबंधी पत्रावलियों का रख-रखाव एवं उन पर कार्यवाही।<br>7. अधिष्ठान संबंधी विविध पत्र व्यवहार पर कार्यवाही सुनिश्चित करना।<br>8. डिस्पैचर की अनुपस्थिति में इण्डेक्स/डिस्पैच का कार्य।<br>9. संकाय अधिकारियों/कर्मचारियों को अवकाश यात्रा सुविधा संबंधी स्वीकृति विषयक पत्राचार।<br>10. प्राप्त डाक पर प्राप्ति मुहर लगाकार प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष प्रात: 11:00 बजे तथा सांय 03:00 बजे लगवाना।<br>11. गार्ड फाइलों का रख-रखाव। |

| 20. डिस्पैचर (कनिष्ट सहायक) | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. बाहर से प्राप्त पत्रों को रजिस्टर में दर्ज (इण्डैक्स) करना।<br>2. बाहर से प्राप्त पत्रों को इण्डैक्स करने के बाद संबंधित कर्मचारियों से प्राप्ति लेना।<br>3. डिस्पैच करने वाले पत्र को रजिस्टर में इन्द्राज करना तथा नम्बर देना।<br>4. डिस्पैच किये हुए पत्रों को स्टैम्प रजिस्टर में चढ़ाना।<br>5. स्टैम्प रजिस्टर में सरकारी टिकटों का लेखा-जोखा रखना तथा दैनिक विवरण इंगित करना।<br>6. तारों के बिलों को सत्यापित करना।<br>7. तार/आर.जी./टी.पी. मैसेज की प्रति फाईल में लगाना।<br>8. तार/आर.जी./टी.पी. मैसेज को भिजवाना।<br>9. डिस्पैच की गयी डाक की कार्यालय प्रति संबंधित को वापस करना।<br>10. बाहर की स्थानीय डाक, आर.जी./टी.पी./तार आदि लेना।<br>11. हिन्दी व अंग्रेजी में भेजे गये पत्रों/आर.जी./टी.पी./तारों का ब्यौरा अधिष्ठान सहायक को देना।<br>12. रजिस्ट्री पार्सल/रजिस्ट्री पोस्टमैन द्वारा लेना फिर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों में वितरित करना।<br>13. समस्त कार्यालय के आन्तरिक डाक को बंटवाना।<br>15. प्रत्येक माह की पांच तारीख तक लम्बित प्रकरणों की सूची प्रस्तुत करना।<br>16. अन्य कार्य जो प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपे जाय। |

| 21. रिकर्डकीपर (टंकक) | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. मुख्य कार्यालय के अधिष्ठान अनुभाग के स्तर से भेजे जाने वाले समस्त पत्रों, विवरण पत्रों इत्यादि को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी/अधिष्ठान सहायक के निर्देशानुसार कम्प्यूटर के माध्यम से टंकित कर उपलब्ध कराना।<br>2. विभिन्न अनुभागों द्वारा अभिलेख में रखने हेतु रिकर्ड रूम में दी गई पत्रावलियों को प्रत्येक अनुभागवार व्यवस्थित रूप से रखना।<br>3. रिकर्ड रूम से विभिन्न अनुभागों द्वारा वांछित पत्रावलियों को संबंधित कर्मियों को उपलब्ध कराना तथा उसके पश्चात् पत्रावलियों को वापस आने पर पुनः उन्हें व्यवस्थित रूप से रिकर्ड रूम में अनुभागवार रखना।<br>4. नष्ट विशेषज्ञता क्षेत्र से संबंधित की जाने वाली पत्रावलियों की सूची तैयार कर पत्रावलियां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्राप्त होने हेतु प्रेषित करना।<br>5. वीड की जाने वाली पत्रावलियों को अधिकारियों से वापस प्राप्त होने पर वीड की जाने वाली पत्रावलियों की सूचीकरण करना।<br>6. वीड करने वाली पत्रावलियों के अतिरिक्त जिन पत्रावलियों को सुरक्षित रखा जाना होता है उन पत्रावलियों का विवरण अभिलेख पंजिका में दर्ज करना।<br>7. अन्य कार्य जो प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपे जाय। |

| 22. वैयक्तिक सहायक (महानिदेशक/निदेशक)–: | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. महानिदेशक/निदेशक द्वारा निर्दिष्ट कार्यो का सम्पादन।<br>2. शासन/प्रदेश/प्रदेश से बाहर विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों/विभागों के सक्षम अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करवाना।<br>3. महानिदेशक के विभागीय भ्रमण कार्यक्रमों को निर्देशानुसार तैयार करवाना।<br>4. विभागाध्यक्ष स्तर से स्वीकृत किये जाने वाले समस्त प्रकरणों को निदेशक के समक्ष प्रस्तुत करना व उन्हें स्वीकृत कराना।<br>5. महानिदेशक के निर्देशानुसार संकाय अधिकारियों/कार्यक्रम निदेशकों को जारी किये जाने वाले निर्देशों को जारी करने का कार्य।<br>6. राजपत्रित अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि को यथासमय प्रस्तुत कर तैयार किये जाने का कार्य।<br>7. महानिदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्यो का सम्पादन। |

| 23. वैयक्तिक सहायक: | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. संयुक्त निदेशक स्तर के पदाधिकारियों के साथ सम्बद्ध ।<br>2. अकादमी में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए निर्देशानुसार संबंधित विभाग को अधिकारियों के नामांकन हेतु पत्रों का प्रेषण व नामांकन प्राप्त होने के उपरान्त प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सूची तैयार करने का कार्य।<br>3. संबंधित पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर संचालित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में निर्देशानुसार प्रशिक्षण के हैण्डबुक व (पाठ्य सामग्री) बैकग्राउण्ड मैटिरियल को तैयार कर व्यवस्थित किये जाने का कार्य।<br>4. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम निदेशकों के साथ प्रशिक्षण प्रबन्धन के सौंपे गये कार्यो का सम्पादन। |

| **24. आशुलिपिक :** | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. संयुक्त निदेशक के निम्न वेतनमान तथा उप निदेशक के पदाधिकारियों के साथ सम्बद्ध ।<br>2. अकादमी में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए निर्देशानुसार संबंधित विभाग को अधिकारियों के नामांकन हेतु पत्रों का प्रेषण व नामांकन प्राप्त होने के उपरान्त प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सूची तैयार करने का कार्य।<br>3. संबंधित पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर संचालित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में निर्देशानुसार प्रशिक्षण की हैण्डबुक व (पाठ्यक्रम सामग्री) बैकग्राउण्ड मैटिरियल को तैयार कर व्यवस्थित किये जाने का कार्य।<br>4. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम निदेशकों के साथ प्रशिक्षण प्रबन्धन के सौंपे गये कार्यो का सम्पादन। |
| **25. दफ्तरी** | |
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. कार्यालय से संबंधित पत्रावलियां व पंजिकाओं को सुव्यवस्थित रखे जाने का कार्य।<br>2. कार्यालय के दैनिक कार्यो में संकाय अधिकारियों व अधीनस्थ सक्षम अधिकारियों/टीम लीडर्स के निर्देशानुसार कार्य। |
| **26. वरिष्ठ अनुसेवक** | |
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. कार्यालय स्तर से प्रस्तुत की जाने वाली पत्रावलियों व राजकीय अभिलेखों को सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने व लाने का कार्य।<br>2. संकाय अधिकारियों व अधीनस्थ सक्षम अधिकारियों/टीम लीडर्स के निर्देशानुसार कार्यो का निस्तारण। |

| 27. अनुसेवक | |
|---|---|
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. विभिन्न अनुभागों से सम्बद्ध अनुसेवकों द्वारा कार्यालय कार्य समय से पूर्व साफ–सफाई व डस्टिंग का कार्य।<br>2. कार्यालय से सम्बद्ध अनुसेवकों द्वारा कार्यालय की डाक (पत्रावलियां/पंजिकायें इत्यादि) सक्षम अधिकारी के पास पहुंचाना व लाना।<br>3. चर्चा कक्षों से सम्बद्ध अनुसेवकों द्वारा प्रात:काल चर्चा कक्षों को खोलना, डस्टिंग करना तथा प्रशिक्षण उपकरणों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आवश्यकतानुसार व्यवस्थित करना।<br>4. कोषागार के लिए सम्बद्ध अनुसेवक द्वारा अकादमी के विभिन्न देयकों को कोषागार में प्रस्तुत करना व पारित देयकों के भुगतान चैकों को लाकर अकादमी कैशियर को सौंपे जाने का कार्य।<br>5. डिस्पैच/इण्डेक्स से सम्बद्ध अनुसेवक द्वारा डाक द्वारा भेजे जाने वाले लिफाफों को चिपकाने का कार्य, रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट/कोरियर करने हेतु पोस्ट आफिस व स्थानीय अधिकृत फर्म के पास जाना।<br>6. प्रशिक्षण से संबंधित तथा अन्य प्रकार की प्राप्त डाक को इण्डेक्स उपरान्त संबंधित अधिकारियों/अनुभागों में बांटने का कार्य। |

| लेखा अनुभाग | |
|---|---|
| **28. वरिष्ठ लेखाकार** | |
| | **विवरण** |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. संकाय के राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी के एरियर बिलों का परीक्षण कर आहरण वितरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>2. समस्त राजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के यात्रा भत्ता बिलों का परीक्षण कर आहरण–वितरण अधिकारी/नियंत्रण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>3. अकादमी बजट पत्रावलियों का रख रखाव तथा बजट के संबंध में शासन से प्राप्त पत्रों का निस्तारण।<br>4. व्ययाधिक्य एवं बचतों का प्रारम्भिक, अन्तिम विवरण पत्र तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम वास्तविक व्यय विवरण पत्र पुनर्विनियोजन आवेदन पत्र मदवार व्याख्यात्मक टिप्पणी सहित तैयार कर शासन को भेजा जाना।<br>5. मासिक व्यय विवरण बी.एम.–8, बी.एम.–13 एम.आई.एस. तैयार कर निर्धारित समय पर प्रेषण करवाना।<br>6. अकादमी मुख्यालय के मासिक व्यय आंकड़ों का महालेखाकार कार्यालय में पुस्तांकित आंकड़ों से मिलान।<br>7. शासन के वित्तीय विभाग के निर्देशानुसार व्यय विवरण बी.एम.1, 4, 5, 6, 7, 10, 11, 12, 13 व 14 तैयार कर शासन के प्रशासनिक विभाग व वित्त विभाग को नियमित रूप से भेजना।<br>8. लेखा संबंधी पत्रावलियों का रख रखाव तथा लेखा संबंधी विभिन्न सूचनाओं का शासन व अन्य स्थानों को प्रेषण।<br>9. आयकर विवरण पत्रों के अन्तर्गत अधिकारियों/कर्मचारियों व प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के पक्ष में फार्म–16/फार्म–24 तथा त्रैमासिक आयकर विवरण यथासमय तैयार कर आयकर विभाग/संबंधित निर्दिष्ट अधिकारी को उपलब्ध करवाया जाना।<br>10. वित्त अधिकारियों द्वारा भेजे जाने वाले आय–व्ययक/लेखा सम्बन्धी सूचनाओं का त्रैमासिक विवरण तैयार करवाकर प्रस्तुत करना।<br>11. वित्त नियंत्रक एवं आहरण वितरण अधिकारी के निर्देशानुसार समय–समय पर लेखा कार्यो का सम्पादन। |

| 29. लेखा लिपिक (कैशियर) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. कोषागार से प्राप्त चैकों को रजिस्टर में दर्ज करने के उपरान्त चैक में बैंक से भुगतान आहरण की औपचारिकताएं अंकित कर बैंक से भुगतान लाना।<br>2. समस्त मानक मदों के पृथक देयकों के सब वाउचरों के अनुसार नैनीताल से बाहर के व्यक्तियों/फर्मो को भुगतान करने हेतु बैंक से बैंक ड्राफ्ट लाकर भिजवाना।<br>3. स्थानीय व्यक्तियों/फर्मो को किए जाने वाले भुगतान नकद अथवा चैक जारी करना।<br>4. समस्त भुगतान ड्राफ्टों को बैंक ड्राफ्ट रजिस्टर में दर्ज कर संबंधित अनुभागों को सौपना।<br>5. अकादमी स्तर पर आहरित होने वाले प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को वेतन व यात्रा भत्ता व अवशेष एरियर इत्यादि के चैक बैंक से कैश करवाकर प्रशिक्षार्थी अधिकारियों का नकद भुगतान करना।<br>6. अकादमी में प्रशिक्षण हेतु आये प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के प्राप्त वेतन ड्राफ्टों को बैंक से कैश कर संबंधित अधिकारियों को भुगतान करना।<br>7. अकादमी के अधिकारियों/कर्मचारियों के मासिक वेतन से प्राप्त चैक पर औपचारिकताएं पूर्ण कर विभिन्न प्रकार की वसूलियों को सूचीबद्ध कर संबंधित के खातों में जमा करना।<br>8. अकादमी के अधिकारियों/कर्मचारियों के एरियर, यात्रा भत्ता व जी.पी.एफ. के चैकों को बैंक से आहरित कर भुगतान करना।<br>9. अकादमी में आमंत्रित अतिथि प्रवक्ताओं को मानदेय/यात्रा भत्ता देयकों का नकद भुगतान करना।<br>10. कोषागार से प्राप्त होने वाले समस्त चैकों को कैश कर कैश बुक में दर्ज कर आहरण वितरण अधिकारी से हस्ताक्षर करवाना।<br>11. अकादमी स्तर पर वसूल होने वाली धनराशि को ट्रेजरी चालान द्वारा बैंक में जमा करने का कार्य तथा इसकी नित्य कैश बुक में प्रतिविष्ट करना।<br>12. भारत सरकार से प्राप्त होने वाले चैकों को संबंधित रजिस्टर में अंकित कर उन्हें राज्य सरकार से प्राप्ति लेखा शीर्षक में ट्रेजरी चालान द्वारा बैंक में जमा करने की कार्यवाही तथा उनकी प्राप्ति रसीद काटकर जारी करना।<br>13. अकादमी अधिकारियों/कर्मचारियों से उनके मासिक वेतन से राष्ट्रीय बचत के अर्न्तगत मासिक जमा राशि को डाकघर में जमा किया जाना।<br>14. समस्त प्रकार की वसूलियों की प्राप्ति रसीद काटकर जारी कर हस्तगत करना।<br>15. अकादमी निदेशक के नाम खाते में जमा धनराशि मध्ये जारी भुगतानों को संबंधित व्यक्तियों/फर्मो को नकद, कैश बैंक व ड्राफ्ट द्वारा करना। |

| | |
|---|---|
| | 16. समय–समय पर विभिन्न प्रकार के बैंक ड्राफ्टों/चैकों की धनराशि बैंक से कैश कर लाना।<br>17. अकादमी प्राप्तियों का विवरण पत्र तैयार करना।<br>18. अकादमी कैश बुक का रख रखाव के साथ नित्य की समस्त प्रकार की राजकीय प्रिाप्तियों/भुगतान को दर्ज करने के साथ समस्त सब वाउचरों का भुगतान उपरान्त निरस्त कर आहरण वितरण अधिकारी से सत्यापित करवाना तथा भुगतान प्राप्ति रसीद को संबंधित सब वाउचर में चिपकाना।<br>19. अवशेष भुगतान को कैश बुक में देयकों के अनुसार दर्ज करना तथा अकादमी कैश का जिम्मेदारी पूर्ण निर्वहन/रखरखाव।<br>20. विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाली धनराशि की प्राप्ति रसीदें संबंधित विभागों को भिजवाना।<br>21. आहरण वितरण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी(लेखा) व उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यो का निर्वहन।<br>22. लेखा लिपिक द्वितीय के अवकाश/अनुपस्थिति में उनके द्वारा किया जाने वाला कार्य सम्पन्न करना। |

| 30. लेखा लिपिक (प्रथम) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. समस्त आकस्मिक वाउचरों को चैक कर भुगतान आहरण हेतु आकस्मिक व्यय पंजिका में सब-वाउचरवार एवं मदवार पृथक-पृथक रजिस्टरों में दर्ज करने के उपरान्त निर्धारित प्रपत्र पर विभिन्न औपचारिकताएं पूर्ण कर कोषागार को भेजा जाना।<br>2. समस्त प्रकार के आकस्मिक देयकों का अग्रिम आहरण एवं समायोजन सुनिश्चित करना।<br>3. अधिकारियों/कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अग्रिमों जिनमें जी.पी.एफ./भवन निर्माण/ विस्तार/मरम्मत/स्कूटर/कम्प्यूटर/मोटरकार अग्रिम सम्मिलित है, स्वीकृति आदेशानुसार देयकों को तैयार कर कोषागार भेजने हेतु आहरण वितरण अधिकारी के हस्ताक्षर हेतु वरिष्ठ लेखाकार के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>4. अधिकारियों/कर्मचारियों के जी.पी.एफ./भवन निर्माण/विस्तार/मरम्मत/स्कूटर/कम्प्यूटर /मोटरकार अग्रिमों के बिलों को तैयार कर कोषागार में भेजा जाना तथा अग्रिमों की प्रविष्टि पासबुकों वे लेजर में करने का कार्य।<br>5. समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के यात्रा भत्ता देयकों को पारित कर देयकों को कोषागार प्रस्तुत करने हेतु वरिष्ठ लेखाकार के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>6. तैयार देयकों को कोषागार पंजिका में चढ़ाकर प्रतिदिन कोषागार को प्रेषित करना एवं पास होने के उपरान्त प्राप्त देयकों के चैकों को प्राप्त करके कैशियर को उपलब्ध करवाना।<br>7. समस्त प्रकार के कन्टीजेन्ट देयकों को रजिस्टरों में बजट आंवटन व अवशेष का अंकन दर्शाते हुए पृथक-पृथक देयकों को कोषागार पंजिका में दर्ज कर कोषागार भेजना।<br>8. कोषागार से देयक पारित होकर प्राप्त होने पर देयकों/अग्रिमों के कोषागार वाउचर नम्बर/दिनांक संबंधित देयक पंजिका में अंकित करने का कार्य।<br>9. विभिन्न कन्टीजेन्ट देयकों से अनुबन्ध पर होने वाले व्यय से संबंधित आयकर कटौती के मासिक/त्रैमासिक विवरण पत्र कम्प्यूटर के माध्यम से तैयार कर वरिष्ठ लेखाकार के सम्मुख प्रस्तुत करने का कार्य।<br>10. प्रत्येक माह की पहली तारीख को पिछले माह के अन्त तक कन्टीजेन्ट मदों के समस्त मानक मदों का वास्तविक व्यय तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवशेष का विवरण तैयार कर वरिष्ठ लेखाकार को प्रस्तुत करने का कार्य।<br>11. वरिष्ठ लेखाकार की अवकाश एवं अनुपस्थिति अवधि में उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो का सम्पादन एवं आहरण वितरण अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी के निर्देशानुसार कार्यो का सम्पादन। |

| 31. लेखा लिपिक (द्वितीय)/टंकण कार्य | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अधिकारियों/कर्मचारियों के जी.पी.एफ./भवन निर्माण/विस्तार/मरम्मत/स्कूटर/कम्प्यूटर /मोटरकार अग्रिमों की मासिक वसूली की प्रविष्टि उनके जीपीएफ पासबुक/लेजर तथा संबंधित वसूली रजिस्टरों में प्रतिमाह नियमित रूप से अंकन कर रख रखाव करने का कार्य।<br>2. समस्त प्रकार के वेतन भत्ते के एरियर/बोनस के देयकों को तैयार कर कोषागार में प्रस्तुत करने हेतु वरिष्ठ लेखाकार के माध्यम से आहरण वितरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>3. अकादमी स्तर पर रखे गये समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित कर्मचारियों के जी.पी.एफ.पासबुक/लेजर पासबुक में वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त माह अप्रैल में ब्याज का आगणन करना व इसकी प्रविष्टि संबंधित पासबुक व लेजर में करने का कार्य।<br>4. वित्तीय वर्ष की समाप्ति उपरान्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की जी.पी.एफ. लेखा पर्ची कम्प्यूटर में फीड कराने का कार्य।<br>5. प्रत्येक माह बैंक हेतु कम्प्यूटर के माध्यम से अधिकारी/कर्मचारियों के विभिन्न वसूलियों को तैयार करने का कार्य।<br>6. अकादमी लेखा शीर्षक के विभिन्न मानक मदों के अन्तर्गत आहरित अग्रिमों को पृथक रजिस्टर में दर्जकर अद्यावधिक रखने का कार्य।<br>7. अधिकारियों/कर्मचारियों के अन्तिम वेतन प्रमाणक को तैयार करना।<br>8. अधिकारियों/कर्मचारियों के आयकर से संबंधित विवरण पत्रों फार्म 16 को तैयार कर जारी करने हेतु वरिष्ठ लेखाकार के समक्ष प्रस्तुत करना।<br>9. कोषागार में प्रत्येक माह अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन बिलों में आवश्यक संशोधन करवाना।<br>10. आहरण वितरण अधिकारी तथा वरिष्ठ लेखाकार के निर्देशानुसार दैनिक कार्यो का सम्पादन।<br>11. लेखालिपिक (प्रथम) की अनुपस्थिति में उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो को पूर्ण किया जाना। |

| 32. अनुसेवक | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. नित्य लेखा अनुभाग में उपलब्ध कुर्सी मेजों की सफाई व्यवस्था करना।<br>2. नित्य अकादमी से तैयार देयकों को कोषागार में प्रस्तुत करना तथा पारित देयकों के चैकों को कोषागार से प्राप्त कर लाना।<br>3. लेखानुभाग से संबंधित पत्रावलियों/अभिलेखों को लेखानुभाग के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों/अनुभागों में ले जाना व लाना। |

| | |
|---|---|
| | 4. संबंधित अधिकारी / आहरण-वितरण अधिकारी /कार्यालय अधीक्षक एवं लेखानुभाग के निर्देशानुसार कार्यों को करना। |

| स्टोर अनुभाग | |
|---|---|
| **33. स्टोरकीपर-कम-गोपनीय सहायक** | |
